प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025

रद्दी से नवाचार तक, आयशी की विलक्षण प्रतिभा

केन्द्रीय विद्यालय आर.आर.एल. जोरहाट की कक्षा 9वीं की मेधावी छात्रा आयशी प्रिषा बोहरा ने अपनी असाधारण प्रतिभा, नवाचारशील सोच और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से के.वि.सं. का नाम रोशन किया है। आयशी को वर्ष 2025 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो बाल प्रतिभाओं को दिया जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आयशी को प्राकृतिक खेती तथा अखबारों की रद्दी से पेंसिल निर्माण जैसे उपयोगी, नवोन्मेषी और पर्यावरण-अनुकूल प्रोजेक्ट्स पर उनके विलक्षण कार्य के लिए प्रदान किया गया। उनके इनोवेशन की

विशेषता यह है कि वे कम लागत में, बिना बिजली के और स्थायी विकास की अवधारणा पर आधारित हैं, जो आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं।